लोक सभा अध्यक्ष ने 74 वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी

नई दिल्ली, 14 अगस्त 2020 : लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला ने 74वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्वसंध्या पर देशवासियों को बधाई दी है । अपने सन्देश में, श्री बिरला ने कहा कि :

“74 वें स्वतंत्रता दिवस पर देशवासियों को शुभकामनाएं।

“आज के इस पावन अवसर पर मैं उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करता हूँ जिनके त्याग, तपस्या व बलिदान ने देश को आजादी दिलाई। मैं अपने सशस्त्र बलों के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त करता हूं जो देश की सीमाओं की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहते हैं।

देश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है और पहले से कहीं अधिक सुरक्षित, समृद्ध, क्षमतावान व सशक्त है। यही कारण है कि विश्वपटल पर आज हमारी एक विशिष्ट पहचान है और वैश्विक सद्भावना भी हमारे साथ है।

इतिहास गवाह है कि हमने प्रत्येक विषमता का डटकर सामना किया है। कोविड-19 की चुनौती के बीच भी देशवासियों ने नए अवसर तलाशने का काम किया है जो हमारी जीवटता का परिचायक है। मैं हमारे कोरोना वॉरियर्स को भी सलाम करता हूं जिन्होंने महामारी से लड़ने के लिए अथक प्रयास किया है।

आज का दिन हमें नए व आत्मानिर्भर भारत के निर्माण की संकल्पना साकार करने के हमारे संकल्प का स्मरण करवाता है। आइए हम देश की एकता-अखंडता को अक्षुण्ण रखने, सामाजिक सद्भाव व सामाजिक एकता को सशक्त करने, स्थानीय उत्पादों के उपयोग पर बल देने, अक्षम-अभावग्रस्त वर्ग के कल्याण, और प्रकृति तथा वन्य जीवों के संरक्षण का संकल्प लें । जय हिन्द!”